"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2007-2009."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 36] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 4 सितम्बर 2009—भाद्र 13, शक 1931

भाग 3 (1)

विज्ञापन

अन्य सूचनाएं

नाम परिवर्तन

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं महेश कुमार गोन्नाडे आत्मज श्री आनंतराम गोन्नाडे, आयु करीबन 38 वर्ष, निवासी-आर/5, ट्रक बाडी वर्क्सशाप के पास, वैशाली नगर, भिलाई, तहसील व जिला -दुर्ग (छ. ग.) का हूं. मैं अपने पुत्र आयुष गोन्नाडे जिसकी जन्मतिथि 29-10-2004 है का नाम परिवर्तित कर लोकेशमहेश गोन्नाडे रख लिया हूं तथा इस आशय के संबंध में सक्षम प्राधिकारी के समक्ष शपत्र पत्र प्रस्तुत कर दिया हूं.

अत: अब मेरे पुत्र को लोकेशमहेश गोन्नाडे आत्मज श्री महेश कुमार गोन्नाडे के नाम से जाना, पहचाना एवं पुकारा जावे.

पुराना नाम
आयुष गोन्नाडे
आत्मज श्री महेश कुमार गोन्नाडे
निवासी-आर/5, ट्रक बाडी वर्क्सशाप के पास
वैशाली नगर, भिलाई
तहसील व जिला-दुर्ग (छ. ग.)

नया नाम
लोकेशमहेश गोन्नाडे
आत्मज श्री महेश कुमार गोन्नाडे
निवासी-आर/5, ट्रक बाडी वर्क्सशाप के पास
वैशाली नगर, भिलाई
तहसील व जिला-दुर्ग (छ. ग.)

विविध

आयुक्तों तथा जिलाध्यक्षों की सूचनाएं

कार्यालय कलेक्टर, बिलासपुर (छ. ग.)

बिलासपुर, दिनांक 12 अगस्त 2009

संशोधित आदेश

क्रमांक/3697/अ. व. लि./2009.—इस कार्यालय के आदेश क्रमांक/95/अ. व. लि./2009 दिनांक 05-01-2009 में आंशिक संशोधन करते हुए तथा कमिश्नर बिलासपुर संभाग, बिलासपुर द्वारा जारी आदेश क्रमांक/2351/सामान्य/2009 बिलासपुर दिनांक 17-6-2009 के परिपेक्ष्य में मैं, सोनमणि बोरा, कलेक्टर, बिलासपुर, वर्ष 2009 हेतु बिलासपुर जिले के लिए निम्नलिखित तिथियों/दिनों के समक्ष अंकित पर्व/त्यौहारों के लिए स्थानीय अवकाश घोषित करता हूं.

क्रमांक (1)	पर्व/त्यौहार का नाम (2)	माह/तारीख (3)	दिन (4)
1.	सर्व पितृमोक्ष	18 सितम्बर 2009	शुक्रवार
2.	दशहरा (महाअष्टमी)	26 सितम्बर 2009	शनिवार
3.	भाईदूज	19 अक्टूबर 2009	सोमवार

सोनमणि बोरा,
कलेक्टर.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित -2009.